ई–मेल / विभागी
य वेबसाईट /
साधारण डाक से

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांक–BRRDA(HQ)-PMGSY-262/2022 – 60 / पटना, दिनांक– 06.01.2023

प्रेषक,

संजय दूबे, भा0प्र0से0
विशेष सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार, बिहार
वीरचन्द पटेल पथ, पटना।

विषय :प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न जिलों में 165 पथों एवं 19 पुलों निर्माण के लिये स्तम्भ–7 में अंकित लम्बाई (कि0मी0 / मी0) एवं स्तम्भ–13 में निर्माण तथा अनुरक्षण सहित अंकित राशि पर अलग–अलग योजनाओं के लिये जिनकी कुल राशि **रू0 1441.4675 करोड़ रूपये (चौदह अरब एकतालीस करोड़ छियालीस लाख पचहत्तर हजार रूपये)** मात्र है, पर योजनावार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किये जाने के संबंध में।

महाशय,

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के अन्तर्गत ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के के द्वारा राज्य के 29 जिलों यथा अररिया, अरवल, बाँका, भागलपुर, बेगूसराय, भोजपुर, बक्सर, छपरा (सारण), दरभंगा, पूर्वी चम्पारण, गया, गोपालगंज, जहानाबाद, कैमूर (भभुआ), कटिहार, खगडिया, किशनगंज, मधेपुरा, मधुबनी, मुजफ्फरपुर, पटना, पूर्णिया, रोहतास, सहरसा, समस्तीपुर, सीतामढ़ी, सुपौल, वैशाली एवं पश्चिम चम्पारण जिलों में राज्य को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III अन्तर्गत स्वीकृत पथों एवं पुलों के लिए समर्पित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन पर स्वीकृति प्रदान की गयी है।

2. ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक–17024/4/2019-RC(Part) (eFMS No 368978) दिनांक–29.11.2022 के द्वारा कुल 263 पथों जिनकी लम्बाई 2438.32 कि0मी0 तथा प्राक्कलित राशि रू0 2141.37 करोड़ एवं 72 पुलों जिनकी लम्बाई 3241.93 मी0 तथा प्राक्कलित राशि रू0 286.18 करोड़ पर स्वीकृति प्रदान की गयी है। कुल स्वीकृत राशि रू0 2427.55 करोड़ जिसमें राज्यांश की राशि रू0 982.47 करोड़ है।

इनमें से 05–15.00 करोड़ की योजनाओं पर स्तम्भ–13 में अंकित राशि हेतु अलग–अलग योजनाओं के लिये निर्माण तथा अनुरक्षण हेतु क्रमशः राशि रू0 1328.8558 करोड़ रूपये तथा रू0 112.6117 करोड़ रूपये जिनकी कुल राशि रू0 1441.4675 करोड़ रूपये (चौदह अरब एकतालीस करोड़ छियालीस लाख पचहत्तर हजार रूपये) मात्र है, पर निम्न योजनाओं के लिए विधिवत् योजनावार प्रशासनिक अनुमोदन प्रदान किया जाता हैः–

PMGSY-III 2022-23 (Batch-2)

Road Proposal

| Sl. No. | District | Division | Block | Package Number | Road Name | Pavement Length (in Kms.) | MoRD Share (in Lakhs) | State Share Excluding Higher Specification (in Lakhs) | Higher Specification Cost (in Lakhs) | Total Cost | Maintenance Cost (in Lakhs) | Total Cost with maintenance (in Lakhs) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| 1 | Araria | Araria | Sikti | BR01P3R20 | MRL03-MURARIPUR PMGSY ROAD TO KELABARI | 7.02 | 317.04 | 211.36 | 6.48 | 534.88 | 23.56 | 558.44 |
| 2 | Araria | Forbisganj | Forbisganj | BR01P3R22 | MRL06-PWD MIRZAPUR TO SIMRAHA RAILWAY STATION | 11.60 | 407.57 | 271.72 | 10.44 | 689.72 | 43.44 | 733.16 |
| 3 | Araria | Forbisganj | Forbisganj | BR01P3R23 | MRL32-SAIFGANJ TO SIMRAHA | 6.61 | 363.01 | 242.00 | 7.91 | 612.93 | 27.22 | 640.15 |
| 4 | Araria | Forbisganj | Forbisganj | BR01P3R24 | MRL50-PMGSY SHAHWASHPUR TO HATEWA | 8.70 | 301.00 | 200.66 | 12.13 | 513.79 | 31.54 | 545.33 |
| 5 | Araria | Forbisganj | Forbisganj | BR01P3R27 | MRL15-Kursakatta Hatta Chowk Via Domra bandh | 10.72 | 358.00 | 238.66 | 12.17 | 608.82 | 44.10 | 652.92 |
| 6 | Araria | Forbisganj | Forbisganj | BR01P3R28 | MRL26- SIRSIYA TO MANJHUA | 11.70 | 656.28 | 437.52 | 0.00 | 1093.80 | 34.35 | 1128.15 |
| 7 | Araria | Forbisganj | Narpatganj | BR01P3R30 | MRL02-KANHAILI TO GOKHULAPUR VIA GARGAMMA | 13.50 | 591.52 | 394.35 | 13.76 | 999.63 | 62.05 | 1061.68 |
| 8 | Araria | Forbisganj | Raniganj | BR01P3R31 | MRL56-NH-327 E Kamalpur to Ufrail | 9.20 | 522.72 | 348.48 | 20.15 | 891.35 | 27.59 | 918.94 |
| 9 | Araria | Forbisganj | Raniganj | BR01P3R32 | MRL05- Kohbara Bishanpur chowk to 10 no Road Bhawaninagar via Bhawani nagar Kurmi tola | 9.13 | 354.04 | 236.02 | 10.24 | 600.30 | 37.59 | 637.89 |
| 10 | Araria | Forbisganj | Raniganj | BR01P3R33 | MRL10-SH-77 T01 Majhuwa north to 10 N0 Road | 9.37 | 621.38 | 414.26 | 10.17 | 1045.82 | 38.70 | 1084.52 |
| 11 | Arwal | Arwal | Arwal | BR38P3R05 | MRL06-BHADASI TO DARIYAPUR VIA FAKHARPUR , PATHAKCHAK | 5.30 | 299.83 | 199.89 | 4.86 | 504.58 | 55.85 | 560.43 |
| 12 | Arwal | Arwal | Banshi Surajpur | BR38P3R06 | MRL05-CHAND BIGHA TO LAL BAGH KARPI VIA PONDIL , SADIPUR , SHERPUR | 15.43 | 365.53 | 243.69 | 15.85 | 625.07 | 89.77 | 714.84 |
| 13 | Arwal | Arwal | Kaler | BR38P3R07 | MRL01-T02 To Bhagwanpur | 9.05 | 533.20 | 355.46 | 10.10 | 898.76 | 60.97 | 959.73 |
| 14 | Arwal | Arwal | Karpi | BR38P3R08 | MRL01-Barah MileTo Karpi, Arwal jehanbad Road | 11.53 | 372.61 | 248.41 | 11.02 | 632.04 | 74.93 | 706.97 |
| 15 | Banka | Banka-1 | Shambhuganj | BR03P3R24 | T06-Shambhuganj Asarganj RCD Road to Rampur Dalwa RCD Road | 11.75 | 750.74 | 500.49 | 9.82 | 1261.04 | 125.68 | 1386.72 |
| 16 | Banka | Banka-2 | Dhoraiya | BR03P3R27 | T11-Chalna more High School to Jaipur more( Mahgama Dhoraiya RCD Road) | 8.83 | 366.32 | 244.22 | 6.23 | 616.78 | 64.36 | 681.14 |
| 17 | Banka | Banka-2 | Katoria | BR03P3R28 | T08-Chilya More -Endodih Via Mothajhar Uparchak | 13.50 | 554.17 | 369.44 | 13.01 | 936.62 | 102.64 | 1039.26 |
| 18 | Banka | Banka-2 | Katoria | BR03P3R29 | T12-Katoriya Simultalla Pwd Road to Baliyamara | 13.70 | 561.49 | 374.32 | 13.42 | 949.24 | 100.30 | 1049.54 |

इनमें से 05.00–15.00 करोड के कुल 165 पथों जिनकी लम्बाई 1441.30 कि0मी0 एवं 19 पुलों जिनकी लम्बाई 1585.22 मी0 जिसमें राज्यांश की राशि रू0 538.4459 करोड़ रूपये की राशि होगी जो PMGSY (राज्यांश) मद के लिये राज्य बजट से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी तथा अनुरक्षण की राशि रू0 112.6117 करोड़ रूपये होगी जो गैर योजना बजट 3054 से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी। विभाग के लिए शीर्ष 3054 के तहत प्रावधानित बजटीय उपबंध से अनुरक्षण कार्य के लिए कर्णांकित राशि से वहन किया जायेगा। यहॉ यह उल्लेखनिय है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के वर्ष 2022–23 (Batch-II) के अन्तर्गत Programme fund से कार्यान्वित की जाने वाली इन योजनाओं के लिए अनुरक्षण हेतु निर्धारित अवधि 05 साल है।

3. मांग संख्या–37 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 4515– अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय उपमुख्य शीर्ष 00 लधुशीर्ष 103 ग्राम विकास उपशीर्ष 0216 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी0एम0जी0एस0वाई0) केन्द्रांश मद (विपत्र कोड–37–4515–00–103–0216), व्यय के अधीन मुख्य योजना शीर्ष 4515 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में 1500.00 करोड़ रू0 का बजट उपबंध है।

4. मांग संख्या–37 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 4515– अन्य ग्राम विकास कार्यक्रमों पर पूंजीगत परिव्यय उपमुख्य शीर्ष 00 लधुशीर्ष 103 ग्राम विकास उपशीर्ष 0316 प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पी0एम0जी0एस0वाई0) राज्यांश मद (विपत्र कोड–37–4515–00–103–0316), व्यय के अधीन मुख्य योजना शीर्ष 4515 के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2022–23 में 1600.30 करोड़ रू0 का बजट उपबंध है।

5. मांग संख्या–37 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 3054– सड़क तथा सेतु उपमुख्य शीर्ष 04 जिला एवं अन्य सड़के लधुशीर्ष 105 रखरखाव तथा मरम्मत उपशीर्ष 0001 अनुरक्षण मद (विपत्र कोड–37–3054–04–105–0001), हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में 3030.00 करोड़ रू0 का बजट उपबंध है।

6. मांग संख्या–37 अन्तर्गत मुख्य शीर्ष 4515– अन्य ग्राम विकास कार्यकमों पर पूंजीगत परिव्यय–उपमुख्य शीर्ष–00 लधुशीर्ष–789, अनुसूचित जातियों के लिए विशेष घटक योजना, उप शीर्ष–201–प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनान्तर्गत (विपत्र कोड–37–4515–00–789–0201), एवं विषय शीर्ष 5301 मुख्य निर्माण कार्य हेतु वित्तीय वर्ष 2022–23 में 922.57 करोड़ रू0 का बजट उपबंध है।

7. इस प्रकार उपर्युक्त योजनाओं के लिए कुल राशि रू0 1441.4675 करोड़ में से राज्यांश की राशि रू0 538.4459 करोड़ है, एवं भारत सरकार की राशि रू0 790.4099 करोड़ है। राज्यांश की राशि विभाग के योजना शीर्ष 4515 के अन्तर्गत प्राप्त की गयी राशि से भारित होगी। रू0 112.6117 करोड़ रूपये की राशि अनुरक्षण की होगी जो गैर योजना बजट 3054 से प्राप्त होने वाली राशि से भारित होगी।

8. ग्रामीण कार्य विभाग के संबंधित कार्य प्रमंडलों के कार्यपालक अभियंता इस योजना के कार्य सम्पादन हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी होंगे। कार्य प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मार्गदर्शिका के अनुसार मानक निविदा अभिलेख पर e-tendering पद्धति से निविदा के माध्यम से

कराया जायेगा। इन योजनाओं में स्तम्भ–6 में योजनावार अंकित पथों पर पुलों का निर्माण किया जाना है।

9. योजना के कार्यान्वयन से पूर्व इस पर सक्षम पदाधिकारी से प्रावैधिक स्वीकृति प्राप्त कर ली जायेगी।

10. यह एक केन्द्रीय योजना है जिसका कार्यान्वयन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–III के दिशा–निर्देश के आलोक में किया जाना है। पथ निर्माण के लिये मूल स्वीकृत राशि का 60 प्रतिशत का वहन ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एवं 40 प्रतिशत बिहार सरकार द्वारा PMGSY के लिए निर्धारित Matching State Share के माध्यम से किया जाता है। राज्य सरकार के द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार दर पुनरीक्षण के कारण लगने वाली अधिकाई राशि का वहन भी विभाग के योजना बजटशीर्ष–4515 नई सडकें एवं पुल मद में PMGSY (राज्यांश) मद में प्राप्त हाने वाली राशि से किया जाएगा।

11. वित्त विभाग के संकल्प संख्या–3758/वि0, दिनांक–31.05.2017 के प्रावधानित बिन्दुओं तथा बिहार वित्त नियमावली के सुसंगत प्रावधानों के आलोक में राशि व्यय किया जाना अपेक्षित है।

12. प्राक्कलन की विशिष्टताओं के अनुसार निर्धारित समयावधि के अन्दर कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित किया जायेगा।

13. योजना के कार्यान्वयन के क्रम में कार्यान्वयन अंतराल पर निर्धारित निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा। यह संबंधित कार्यपालक अभियंता का दायित्व होगा कि निरीक्षण विवरणी विहित प्रपत्र में निर्धारित चरणवार अभिलेखबद्ध किया जायेगा तथा विभाग को उपलब्ध कराया जायेगा।

14. संबंधित कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग विहित प्रपत्रों एवं अन्तराल पर योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति प्रतिवेदन निश्चित रूप से अधीक्षण अभियंता एवं मुख्य अभियंता के माध्यम से विभाग को उपलब्ध करायेंगे।

15. इस योजना के लिए सक्षम प्राधिकार की स्वीकृति ग्रामीण कार्य विभाग के संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-262/2022 के पृ0–21/टि0 पर दिनांक–04.01.2023 को प्राप्त है।

16. यह आदेश वित्त विभाग के संकल्प संख्या–4–45/94–301वि (2), दिनांक–31.01.1995, वित्त विभाग के पत्रांक स्कीम (8)–11–2005–5090 वि (2), दिनांक–15.09.2005, वित्त विभाग के पत्रांक एम–4–53/2007–3758 वि०, दिनांक–31.05.2017, के प्रावधानों एवे वित्त नियामावली, खण्ड–1 के नियम 8 के दृष्टिपथ में आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति से निर्गत किया जा रहा है तथा ग्रामीण कार्य विभाग के संकल्प संख्या–मु०अ०–4–PMGSY-5-17/09-4168, दिनांक–22.06.09 के आलोक में निर्गत किया जा रहा है। आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–BRRDA(HQ)-PMGSY-262/2022 पृ0–20/टि0 पर दिनांक–02.12.2022 को प्राप्त है।

विश्वासभाजन

6/1/2023

(संजय दूबे)

विशेष सचिव

ज्ञापांक : BRRDA(HQ)-PMGSY-262/2022 – 60 /पटना, दिनांक–06.01.2023

प्रतिलिपि : सभी संबंधित कोषागार पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/1/2023

विशेष सचिव

ज्ञापांक : BRRDA(HQ)-PMGSY-262/2022 – 60 /पटना, दिनांक–06.01.2023

प्रतिलिपि– माननीय मंत्री के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग/प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग/वित्त विभाग (आय–व्यय शाखा)/मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग/कार्मिक एवं प्रशासनिक सुधार विभाग/सभी संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त/सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/आंतरिक वित्तीय सलाहकार, ग्रामीण कार्य विभाग/अभियंता प्रमुख, ग्रा० का० वि०, बिहार, पटना/ सभी मुख्य अभियंता, ग्रा0 का0 वि0/अभियंता प्रमुख के सचिव (प्रा0), ग्रा0 का0 वि0/सभी संबंधित अधीक्षण अभियंता, ग्रा0 का0 वि0, कार्य अंचल/सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता, ग्रा0 का0 वि0 कार्य प्रमंडल को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

6/1/2023

विशेष सचिव